2/संख्या-1428/सं0वि0क0नि0/11-7-14-700(207)/14

प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद सोनभद्र।

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 06 जनवरी, 2015

विषयः- पूर्वी रेलवे द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली को केन्द्रीय विद्यालय, चोपन जनपद सोनभद्र हेतु 13.45 एकड़ भूमि के पट्टा विलेख पर स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया श्री अविनाश दीक्षित, आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के उपर्युक्त विषयक संलग्न पत्र संख्या-एफ, 11072-06(यू0टी0आर0ए0)/2009-के0वी0एस0 (ए०डी०एम०एन०-1), दिनांक 03-04-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें पूर्वी रेलवे द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली को केन्द्रीय विद्यालय चोपन, जनपद सोनभद्र हेतु 13.45 एकड़ भूमि के पट्टा विलेख पर स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्वी रेलवे द्वारा केन्द्रीय विद्यालय चोपन, जनपद–सोनभद्र के पक्ष में 13.45 एकड़ भूमि को पट्टे पर दिये जाने विषयक दिनांक 18-02-2002 को निष्पादित व दिनांक 08-04-2002 को निबंधन हेतु प्रस्तुत प्रश्नगत विलेख को निष्पादन के दिनांक 18-02-2002 से स्टाम्प शुल्क की प्रभार्यता से मुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3. उपरोक्तानुसार विलेख में पूर्व में योजित स्टाम्प वाद सं०–24/219/414/2003 सरकार बनाम केन्द्रीय विद्यालय चोपन में पारित निर्णय दिनांक 28.06.2013 में स्टाम्प वाद पुर्नस्थापित करते हुए प्रकरण को एक माह में निस्तारित कर कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त।

भवदीय,

(अनिल कुमार)

http://shasanadesh.up.nic.in/

प्रमुख सचिव।

संख्या एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग नई दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि इस शासनादेश की प्रति के साथ प्रकरण के निस्तारण हेतु किसी भिज्ञ अधीनस्थ अधिकारी को जिलाधिकारी, सोनभद्र से सम्पर्क कर वाद पुनर्स्थापित कराते हुए प्रकरण निस्तारित करने की कार्यवाही करायें।
2. महानिरीक्षक निबन्धन/आयुक्त स्टाम्प, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मण्डलायुक्त, मिर्जापुर मण्डल, मिर्जापुर।
4. उप महानिरीक्षक निबन्धन, मिर्जापुर मण्डल, मिर्जापुर।
5. सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, जनपद सोनभद्र।

(सुधीन्द्र कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/